## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।

पत्रांक 3584 / कार्य-25 / 89 दिनांक 14-5-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः- **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'दरियबाद में पानी की टंकी अधूरी : हर घर जल योजना की समय सीमा समाप्त, काम ठप'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मथुरानगर पेयजल योजना, विकास खण्ड दरियाबाद में बाउण्ड्रीवाल एवं पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइप लाइन- 95 प्रति0, शिरोपरि जलाशय-20 प्रति0 एवं 400 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत सम्मिलित 05 मजरों में से 04 मजरों में सीधे पम्प के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। धनाभाव के कारण शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रभावित है, धनावंटन होने के उपरान्त योजनान्तर्गत अवशेष कार्य पूर्ण कराकर समस्त ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

साथ ही अवगत कराना है कि पूर्व में प्रकाशित मथुरानगर पेयजल से सम्बन्धित खबरों की आख्या इस खण्ड के पत्रांक 29.16/कार्य-25/69 दिनांक 20.04.2026, पत्रांक 3098/कार्य-25/79 दिनांक 28.04.2026 एवं पत्रांक 3416/कार्य-25/84 दिनांक 08.05.2026 द्वारा उपलब्ध करायी जा चुकी हैं।

भारत सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं को दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अन्दर समस्त योजनाओं के कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4- जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5- मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6- जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7- श्री जफर अहमद, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8- सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# दरियाबाद में पानी टंकी अधूरी:हर घर जल योजना की समय सीमा समाप्त, काम ठप

राघवेंद्र मिश्रा | दरियाबाद (रामसनेही घाट), बाराबंकी1 घंटे पहले



विकास खंड दरियाबाद के मथुरानगर में 347 लाख रुपये की लागत से बन रही पानी की टंकी अधूरी पड़ी है। यह स्थिति 'नमामि गंगे' और 'हर घर जल' जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से वर्ष 2022 में 'हर घर जल योजना' के तहत इन टंकियों को स्वीकृति मिली थी।

परियोजना के तहत बोरिंग, पाइपलाइन बिछाने और टंकी निर्माण का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। 'नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग' की यह योजना, जिसे जनवरी 2024 तक पूरा होना था, जनवरी 2026 बीत जाने के बाद भी अधूरी है। कार्यदायी संस्था के बोर्ड पर अंकित समयावधि को भी मिटा दिया गया है।

मथुरानगर में 'जल जीवन मिशन' के तहत बन रही इस विशेष पानी की टंकी का निर्माण कार्य 18 नवंबर 2022 को शुरू हुआ था। इसकी निर्धारित पूर्णता तिथि 20 मार्च 2024 थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। पाइपलाइन बिछाने का काम तो हो गया, लेकिन टंकी की नींव भरने के बाद से ही निर्माण कार्य ठप पड़ा है।

स्थानीय निवासियों, जिनमें रामू, मोहम्मद फहद, सोनू और छोटेलाल शामिल हैं, ने परियोजना को जल्द से जल्द पूरा कर पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में, जल निगम के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बजट की कमी के कारण कार्य रुका हुआ है।

Scanned with OKEN Scanner